देव-स्तुति

Dēva-Stuti

कविश्री भूधरदास

Kaviśrī Bhūdharadāsa

अहो! जगत्-गुरुदेव! सुनिये अरज हमारी |
तुम प्रभु दीनदयाल, मैं दु:खिया संसारी ||१||
Ahō! Jagat-gurudēva! Suniyē araja hamārī |
Tuma prabhu dīnadayāla, maiṁ du:Khiyā sansārī ||1||

इस भव-वन के माँहिं, काल-अनादि गमायो |
भ्रमत चहुँगति माँहिं, सुख नहिं दु:ख बहु पायो ||२||
Isa bhava-vana kē māṁhiṁ, kāla-anādi gamāyō |
Bhramata cahuṁgati māṁhiṁ, sukha nahiṁ du:Kha bahu pāyō ||2||

कर्म-महारिपु जोर, एक न काम करें जी |
मनमान्या दु:ख देहिं, काहू सों नाहिं डरें जी ||३||
Karma-mahāripu jōra, ēka na kāma karēṁ jī |
Manamān'yā du:Kha dēhiṁ, kāhū sōṁ nāhiṁ ḍarēṁ jī ||3||

कबहू इतर-निगोद, कबहू नर्क दिखावें |
सुर-नर-पशुगति-माँहिं, बहुविधि नाच नचावें ||४||
Kabahū itara-nigōda, kabahū narka dikhāvēṁ |
Sura-nara-paśugati-māṁhiṁ, bahuvidhi nāca nacāvēṁ ||4||

प्रभु! इनके परसंग, भव-भव माँहिं बुरे जी |
जे दु:ख देखे देव! तुम सों नाहिं दुरे जी ||५||
Prabhu! Inakē parasaṅga, bhava-bhava māṁhiṁ burē jī |
Jē du:Kha dēkhē dēva! Tuma sōṁ nāhiṁ durē jī ||5||

All copyrights reserved © 2Alotus

एक जनम की बात, कहि न सकूँ सुनि स्वामी ।
तुम अनंत परजाय, जानत केवलज्ञानी ॥६॥
Ēka janama kī bāta, kahi na sakūṁ suni svāmī |
Tuma ananta parajāya, jānata kevalagyānī ||6||

मैं तो एक अनाथ, ये मिलि दुष्ट घनेरे |
कियो बहुत बेहाल, सुनियो साहिब मेरे ॥७॥
Maiṁ tō ēka anātha, yē mili duṣṭa ghanērē |
Kiyō bahuta bēhāla, suniyō sāhiba mērē ||7||

ज्ञान-महानिधि लूटि, रंक-निबल करि डारयो ।
इन ही तुम मुझ माँहिं, हे जिन! अंतर पार्यो ॥८॥
Jñāna-mahānidhi lūṭi, raṅka-nibala kari ḍārayō |
Ina hī tuma mujha māṁhiṁ, hē jina! Antara pāryō ||8||

पाप-पुण्य मिल दोई, पायनि बेड़ी डारी ।
तन-कारागृह-माँहिं, मोहिं दिये दु:ख भारी ॥९॥
Pāpa-puṇya mila dōi, pāyani bēṛī ḍārī |
Tana-kārāgṛha-māṁhiṁ, mōhiṁ diyē du:Kha bhārī ||9||

इनको नेक-विगार, मैं कछु नाहिं कियो जी ।
बिन-कारन जगवंद्य! बहुविधि बैर सह्यो जी ॥१०॥
Inakō nēka-vigāra, maiṁ kachu nāhiṁ kiyō jī |
Bina-kārana jagavandya! Bahuvidhi baira sahyō jī ||10||

अब आयो तुम पास, सुनि के सुजस तिहारो ।
नीति-निपुन महाराज, कीजो न्याय हमारो ॥११॥
Aba āyō tuma pāsa, suni ke sujasa tihārō |
Nīti-nipuna mahārāja, kījō n'yāya hamārō ||11||

दुष्टन देहु निकार, साधुन को रख लीजे ।
विनवे 'भूधरदास', हे प्रभु! ढील न कीजे ॥१२॥
Duṣṭana dēhu nikāra, sādhuna kō rakha lījai |
Vinavai 'bhūdharadāsa', hē prabhu! Ḍhīla na kījai ||12||

* * * A * * *

All copyrights reserved © 2Alotus